वार्षिक रिपोर्ट । 2014-15

वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान

okf"kd fjiksVZ
2014&15

oh-oh- fxfj jk"Vªh; Je lLFkku
lsDVj&24] uks,Mk & 201 301 ¼m- iz-½

प्रकाशक : वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान
सैक्टर–24, नौएडा – 201 301, उ.प्र.

प्रतियों की संख्या : 150

यह रिपोर्ट संस्थान की वेबसाइट www.vvgnli.org से
डाउनलोड की जा सकती है।

मुद्रण स्थान : चन्दू प्रेस, डी–97, शकरपुर
दिल्ली – 110 092

fo"k;&lwph

☞ çEk[k miyfC/k;k¡ **1**

☞ fotu vkSj fe'ku 4

☞ lLFkku dk vf/kn'k 5

☞ lLFkku dh lajpuk 6

☞ vuqla/kku 10

Je cktkj v/;;u dsaæ **11**

Ñf"k lac/k vkSj xzkeh.k Je dsaæ **18**

jk"Vªh; cky Je lalk/ku dsaæ **21**

jkstxkj lac/k vkSj fofu;eu dsaæ **28**

,dhdr Je bfrgkl vuqla/kku dk;ZØe **30**

Je ,oa LokLF; v/;;u dsaæ **33**

fyax ,oa JEk dsaæ **37**

iwokZÙkj dsaæ **40**

Tkyok;q ifjorZu vkSj Je dsaæ **46**

vrjk"Vªh; uVofdZx dsaæ **48**

☞ ifz'k{k.k vkSj f'k{kk **50**

☞ ,u- vkj- Mh Je lwpuk lalk/ku dsaæ **67**

☞ jktHkk"kk uhfr dk dk;kZUo;u **69**

☞ çdk'ku **71**

☞ QdYVh **74**

☞ ys[kk ijh{kk fjikVZ vkSj ys[kkijhf{kr okf"kZd ys[kk 2014&15 **75**

çEk[k miyfC/k;k
2014&15

- Okh- oh- fxfj jk"Vh; Je lLFkku] Je ,o lcf/kr ennk ij vuql/kku] çf'k{k.k] f'k{kk] çdk'ku ,o ijke'k dk;l dju okyk ,d vxz.kh lLFkku g। 1974 में स्थापित यह संस्थान श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय है। संस्थान का iuu% ukedj.k 1995 e] Hkkjr d Hkrio jk"Vifr ,o çfl) VM ;fu;u urk Jh oh- oh- fxfj d uke ij fd;k x;kA
- ,d fo'oLrjh; çfrf"Br lLFkku d :Ik e mHkjuk% संस्थान ने विश्व स्तर के एक प्रतिष्ठित संस्थान और कार्य की गुणवत्ता एवं कार्य–संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध श्रम अनुसंधान एवं शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरने के प्रयासों को जारी रखा।
- Ukhfr&fuek.k d fy, Kku dk vk/kkj% संस्थान ने 23 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कीं जिन्होंने रोजगार, कौशल विकास, बाल श्रम, अनौपचारिक सैक्टर, प्रवासन, सामाजिक सुरक्षा, लिंगीय मुद्दे, स्वास्थ्य तथा श्रम एवं श्रम मुद्दे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नीति–निर्माण के लिए आवश्यक ज्ञान आधार प्रदान किया।
- lkekftd Hkkxhnkjk dk ifjorlu dh pqukfr;k dk lkeuk dju d fy, r;kj djuk% भारत अभी कार्य की दुनिया में तीव्र परिवर्तनों का सामना कर रहा है, जिससे उसे अवसरों के साथ–साथ चुनौतियां भी मिल रहीं हैं। संस्थान में 124 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें श्रम प्रशासकों, औद्योगिक संबंध प्रबंधकों, ट्रेड यूनियन नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अनुसंधानकर्ताओं जैसे प्रमुख पणधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले 3264 प्रतिभागियों ने परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से अपने कौशलों एवं क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भाग लिया।
- संस्थान ने केंद्रीय श्रम सेवा के अधिकारियों के लिए 06 हफ्ते का आगमन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कल्याण प्रशासकों एवं सहायक कल्याण प्रशासकों के लिए 02 हफ्ते का आगमन प्रशिक्षण कार्यक्रम, तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सहायक श्रम आयुक्तों के लिए 02 हफ्ते का आगमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।
- संस्थान ने खास तौर पर vk;y bfM;k fyfeVM] vle के तैयार किए गए 13 प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तथा Hkkjrh; fjtoZ cd] ecbl के लिए तैयार किए गए 08 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

- संस्थान ने इस अवधि के दौरान निम्नलिखित नए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करके ubZ igy dh शुरुआत की है।
  - वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में श्रम प्रशासनः नई घटनाएं एवं नए दृष्टिकोण
  - महिला कर्मचारियों से संबंधित कानूनों का प्रभावी प्रवर्तन
  - स्वास्थ्य संबंधी कानूनों का प्रभावी प्रवर्तन
  - कार्यस्थल पर महिला कल्याण के मुद्दे
  - निर्माण उद्योग में उत्तम कार्य को बढ़ावा देना
  - पर्वतीय क्षेत्रों में आजीविका एवं सामाजिक संरक्षण का प्रबंधन
  - प्रवासन एवं विकासः मुद्दे एवं परिप्रेक्ष्य
  - कौशल विकास एवं रोजगार सृजन
  - श्रम बाजार एवं रोजगार नीतियां
  - विकास कार्यक्रमों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए सुशासन
- vlaxfBr dkexkjksa dks l'kDr cukuk% संस्थान ने 41 क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें असंगठित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 1171 नेताओं/प्रशिक्षकों ने भाग लिया। ऐसे प्रशिक्षण हस्तक्षेपों का मुख्य उद्देश्य श्रम बाजार में सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के सामने आ रही समस्याओं का समाधान करना, तथा यह दिखाना था कि कैसे सशक्तिकरण सामाजिक समावेशन का एक शक्तिशाली साधन बन सकता है।
- iwokZUkj {ks= dh fpUrkvksa ds lek/kku ds fy, fo'ks"khd`r çf'k{k.k% संस्थान ने 12 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले सामाजिक भागीदारों के लिए किया। संस्थान में 30 जुलाई 2014 को iwokZUkj {ks= esa vuqla/kku ,oa çf'k{k.k vko';drkvksa ds vkdyu ij ,d cSBd का भी आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न सरकारी विभागों, शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों के साथ अनुसंधान, प्रशिक्षण, अनुवीक्षण एवं मूल्यांकन गतिविधियों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना था। संस्थान ने ***पूर्वोत्तर क्षेत्र में श्रम एवं रोजगार रुझानः चुनौतियां एवं अवसर*** पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया।
- Je ds eqnnksa ij varjkZ"Vªh; çf'k{k.k dk;Øe vk;ksftr djus dk gc ¼dsUnz½ संस्थान विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के आईटीईसी/एससीएएपी के अंतर्गत एक प्रशिक्षण संस्थान के तौर पर सूचीबद्ध है। संस्थान ने वैश्वीकरण एवं श्रम, नेतृत्व विकास, कौशल विकास, श्रम बाजार एवं रोजगार नीतियां, सामाजिक सुरक्षा, लिंगीय मुद्दे, स्वास्थ्य संरक्षण तथा सुरक्षा,

और अनुसंधान विधियाँ जैसे प्रमुख विषयों पर 07 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें लगभग 40 देशों के 158 वरिष्ठ स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

- 0;kolkf;d Hkkxhnkjh djuk ,o ml s lqn< cukuk% आज नेटवर्किंग का युग है। संस्थान ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोगात्मक व्यवस्था बनाते हुए व्यासायिक नेटवर्किंग को स्थापित करने एवं उसे सुदृढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखा। संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आईटीसी), ट्यूरिन, इटली के साथ सहयोग स्थापित किया है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य सभी के लिए उत्तम कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण गतिविधियों में दोनों संस्थानों में सहयोग बढ़ाना है।

- Ukhfrxr ennks ij xgu cgl djus ,o çe[k igyks d s ilkj grq ep% सुलहकारी तकनीकों के विशेष संदर्भ में औद्योगिक संबंधों में उभरती प्रवृत्तियों की जानकारी केंद्रीय श्रम सेवा (सीएलएस) के अधिकारियों को देने हेतु उनके लिए संस्थान ने vk|kfxd lc/kk e mHkjrh iofÙk;k विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 25 सीएलएस अधिकारियों ने भाग लिया।

- Je ennks ls lcf/kr lpuk ,o fo'y"k.k dk çlkj % संस्थान चार आंतरिक प्रकाशन, लेबर एंड डेवलपमेंट (छमाही पत्रिका), अवार्ड्स डाइजेस्ट (द्विमासिक पत्रिका), श्रम विधान (द्विमासिक हिंदी पत्रिका) और वीवीजीएनएलआई इंद्रधनुष (द्विमासिक पत्रिका) निकालता है। संस्थान के अनुसंधान निष्कर्षों को मुख्यतः एनएलआई अनुसंधान श्रृंखला के माध्यम से प्रसारित किया जाता है। संस्थान ने वर्ष 2014–15 में 29 प्रकाशन निकाले।

- iLrdky; ,o lpuk ç.kkyh% संस्थान का पुस्तकालय, एन.आर. डे श्रम सूचना संसाधन केंद्र, देश में श्रम अध्ययनों के क्षेत्र में सबसे सम्पन्न पुस्तकालय है। वर्तमान में, पुस्तकालय में लगभग 65,000 किताबें/रिपोर्टें/सजिल्द पत्र–पत्रिकाएं हैं, तथा यह 193 व्यावसायिक पत्रिकाओं का अभिदान करता है। पुस्तकालय अपने पाठकों को विभिन्न व्यावसायिक सेवाएं उपलब्ध कराता है तथा पुस्तकालय की प्रयोज्यता सुकर बनाने के लिए विभिन्न उत्पाद भी उपलब्ध कराता है।

- vk/kfud Hkkjr dk vkdkj nus e Je dh Hkfedk ij çdk'k Mkyuk% संस्थान ने श्रम से संबंधित ऐतिहासिक दस्तावेजों के शीर्ष भंडार के तौर पर काम करने हेतु श्रम पर एक डिजिटल आर्काइव स्थापित किया है। इसमें श्रम इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लेबर आर्काइव की वेबसाइट (www.indialabourarchives.org) में अपलोड किये हुए लगभग 190000 पेज डिजिटल रूप में हैं। 30000 itk dk o"k 2014&15 Eks डिजिटल रूप में संसाधित किया गया था।

संस्थान का विज़न और मिशन

fo t u

संस्थान को श्रम अनुसंधान और प्रशिक्षण में वैश्विक रूप से प्रतिष्ठा प्राप्त ऐसे संस्थान के रूप में विकसित करना जो उत्कृष्टता का केन्द्र हो तथा कार्य की गुणवत्ता और कार्य संबंधों को बढ़ावा देने के प्रतिकृत संकल्प हो।

fe'ku

संस्थान का मिशन निम्नलिखित के माध्यम से श्रम तथा श्रम संबंधों को विकास की कार्यसूची में विशेष केन्द्र के रूप में स्थापित करना है:–

- कार्य की दुनिया में रूपांतरण के मुद्दे पर कार्रवाई करना
- श्रम तथा रोजगार से संबंधित मुख्य सामाजिक भागीदारों तथा पणधारियों के बीच कौशल तथा अभिवृत्ति और ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना
- वैश्विक स्तर के अनुसंधानिक अध्ययनों और प्रशिक्षण हस्तक्षेपों को हाथ में लेना, और
- ऐसे विश्व प्रसिद्ध संस्थानों के साथ समझ निर्माण और साझेदारी बनाना जो श्रम से संबंधित हैं।

laLFkku dk vf/kns'k

जुलाई 1974 में स्थापित, भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान (वीवीजीएनएलआई), श्रम अनुसंधान और शिक्षा के एक शीर्ष संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। संस्थान ने आरंभ से ही अनुसंधान, प्रशिक्षण, शिक्षा और प्रकाशन के माध्यम से संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में श्रम के विभिन्न पहलुओं से जुड़े विविध समूहों तक पहुँच बनाने का प्रयास किया है। ऐसे प्रयासों के केन्द्र में शैक्षिक अंतर्दृष्टि और समझ को नीति निर्माण और कार्रवाई में शामिल करना रहा है ताकि समतावादी और लोकतांत्रिक समाज में श्रम को न्यायोचित स्थान मिल सके।

mn~ns'; vkSj vf/kns'k

संगम ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उन विविध कार्यकलापों का उल्लेख किया गया है जो संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक हैं। संस्थान के अधिदेश में निम्नलिखित कार्यकलाप शामिल हैं:–

(i) स्वयं अथवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों तरह के अभिकरणों के सहयोग से अनुसंधान करना, उसमें सहायता करना, उसे बढ़ावा देना और उसका समन्वयन करना;

(ii) शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन करना और उनके आयोजन में सहायता करना;

(iii) निम्नलिखित के लिए स्कंध स्थापित करना

- क. शिक्षा, प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण
- ख. अनुसंधान, जिसमें क्रियानिष्ठ अनुसंधान भी शामिल है
- ग. परामर्श और
- घ. प्रकाशन और अन्य ऐसे कार्यकलाप, जो संस्थान के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक हों

(iv) श्रम तथा संबद्ध कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनके कार्यान्वयन में आने वाली विशिष्ट समस्याओं का विश्लेषण करना और उपचारी उपाय सुझाना

(v) लेख, पत्र–पत्रिकाएं और पुस्तकें तैयार करना, उनका मुद्रण और प्रकाशन करना

(vi) पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं स्थापित एवं अनुरक्षित करना

(vii) समान उद्देश्य वाली भारतीय और विदेशी संस्थाओं और अभिकरणों के साथ सहयोग करना, और

(viii) फेलोशिप, पुरस्कार और वृत्तिकाएं प्रदान करना।

lLFkku dh lajpuk

संस्थान एक महापरिषद् द्वारा शासित है, जो एक त्रिपक्षीय निकाय है जिसमें सांसदों, केन्द्रीय सरकार, नियोक्ता संगठनों, कर्मकार संगठनों के प्रतिनिधि और श्रम के क्षेत्र में तथा अनुसंधान संस्थानों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ख्यातिप्राप्त व्यक्ति शामिल हैं। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री महापरिषद् के अध्यक्ष हैं। यह संस्थान के कार्यकलापों के लिए विस्तृत नीति संबंधी मानक निर्धारित करती है। महापरिषद् के सदस्यों के बीच से गठित कार्यपरिषद्, जिसके अध्यक्ष श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव होते हैं, संस्थान के कार्यकलापों को नियंत्रित, मॉनीटर एवं निर्देशित करती है। संस्थान के महानिदेशक मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं और इसके कार्यों के प्रबंधन एवं प्रशासन के लिए जिम्मेदार हैं। संस्थान के दिन प्रतिदिन के कामकाज में विविध विषयों में पारंगत संकाय सदस्य और प्रशासनिक स्टाफ महानिदेशक की सहायता करते हैं।

egkifj"kn dk xBu

1. श्री बंडारू दत्तात्रेय — अध्यक्ष
   श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री
   (स्वतंत्र प्रभार)
   श्रम शक्ति भवन
   नई दिल्ली–110001

dsUnz ljdkj dk N% çfrfuf/k

2. श्री शंकर अग्रवाल — उपाध्यक्ष
   सचिव (श्रम एवं रोजगार)
   श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
   श्रम शक्ति भवन
   नई दिल्ली
3. श्री दीपक कुमार — सदस्य
   अपर सचिव
   श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
   श्रम शक्ति भवन
   नई दिल्ली

4. श्री मनीष कुमार गुप्ता
संयुक्त सचिव — सदस्य
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
नई दिल्ली–110001

5. सुश्री मीनाक्षी गुप्ता — सदस्य
संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
नई दिल्ली

6. श्री सत्यनारायण मोहंती — सदस्य
सचिव
माध्यमिक एवं उच्चत्तर शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली–110001

7. श्रीमती सुनीता सांघी — सदस्य
संयुक्त सलाहकार (एलईएम)
सलाहकार (श्रम एवं रोजगार)
योजना आयोग
नई दिल्ली–110001

deldkjk d nk çfrfuf/k

8. श्री बी. सुरेन्द्रन — सदस्य
अखिल भारतीय उप–आयोजन सचिव,
भारतीय मजदूर संघ,
केशावर कुदिल,
5 रंगासायी स्ट्रीट
पेराम्बूर, चेन्नई–600011

9. डॉ. जी. संजीव रेड्डी – भूतपूर्व सांसद — सदस्य
अध्यक्ष – इंटक
गली नं. 14, मकान नं. 658
जीएचएमसी, बर्कतपुरा
हैदराबाद–500027 (आं. प्र.)

fu;kDrkvk ds nk çfrfuf/k

10. श्री राजीव कपूर — सदस्य
भारतीय उद्योग परिसंघ
चीफ पीपल ऑफिसर
फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड
कारपोरेट कार्यालय, तृतीय तल
टॉवर ए, यूनिटेक बिजिनेस पार्क
ब्लॉक –एफ, साउथ सिटी –1, सैक्टर – 41
गुड़गाँव – 121001 (हरियाणा)

11. श्री जितेंद्र गुप्ता — सदस्य
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
लघु उद्योग भारती (एलयूबी)
181, पीताम्बर अपार्टमेंट
रचना नगर
भोपाल – 462023

pkj çfrf"Br 0;fDr ftUgksu Je ds {k= e vFkok ml l lcf/kr {k=k e vlk/kkj.k lg;kx fd;k g

12. श्री वीरेंद्र कुमार — सदस्य
भारतीय मजदूर संघ का कार्यालय
चौधरी देवीलाल कॉम्पलेक्स
माल रोड़, पानीपत (हरियाणा)

13. श्री अरुण वशिष्ठ — सदस्य
एल – 242, शास्त्री नगर
मेरठ (उ. प्र.)

14. श्री टी. राजेश्वर राव — सदस्य
मकान नं. 7–1–44
बालासमुद्रम
हनुमाकोंडा
वारेंगल जिला
तेलंगाना – 506001

15. डॉ. एस. मल्ला रेड्डी — सदस्य
विल्ला नं. 6
अशोका ए–ला–मैनसन
द्योलपल्ली
सिकंद्राबाद – 500100

nk lln lnL; ¼ykd lHkk vkj jkT; lHkk l ,d&,d½

16. श्री प्रहलाद सिंह पटेल — सदस्य
संसद सदस्य (लोक सभा)
14, डॉ. बी. डी. मार्ग
नई दिल्ली–110001

17. श्री भूषण लाल जांगडे — सदस्य
संसद सदस्य (राज्य सभा)
फ्लैट सं. 201, स्वर्णजयंती सदन
डॉ. बी. डी. मार्ग
नई दिल्ली–110001

vu|l/kku lLFkku

18. श्री संजय प्रसाद, भा.प्र.से. — सदस्य
महानिदेशक,
महात्मा गांधी श्रम संस्थान,
ड्राइव-इन रोड़, मेम नगर
अहमदाबाद–380062 (गुजरात)

oh-oh- fxfj jk"Vh; Je lLFkku] uk,Mk d çfrfuf/k

19. श्री पी. पी. मित्रा — सदस्य–सचिव
महानिदेशक,
वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान,
सैक्टर–24, नौएडा–201301
जिला-गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)

vuqla/kku

संस्थान के कार्यकलापों में अनुसंधान का प्रमुख स्थान है। संस्थान आरंभ से ही अनुसंधान कार्यों में सक्रिय रूप से लगा रहा है, जिसमें श्रम से जुड़े मुद्दों के विभिन्न आयामों पर क्रियानिष्ठ अनुसंधान भी शामिल है। परन्तु इन कार्यकलापों के केंद्र में सदैव ही ऐसे मुद्दे रहे हैं, जो सीमान्त, वंचित और श्रम बल के संवेदनशील वर्गों से संबंधित हैं।

संस्थान के अनुसंधान कार्यकलापों के मुख्य उद्देश्यों को तीन व्यापक स्तरों पर रखा जा सकता है;

- अनुसंधान किए जा रहे मामलों की सैद्धान्तिक समझ को उन्नत बनाना;
- समुचित नीतिगत प्रतिक्रियाओं के निर्माण के लिए आवश्यक सैद्धान्तिक और आनुभविक आधार बनाना; और
- क्षेत्र स्तरीय कार्यों/हस्तक्षेपों की खोज करना, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रम बल के असंगठित वर्गों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करना है।

इन उद्देश्यों में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि अनुसंधान कार्यकलाप आवश्यक रूप में सक्रिय प्रकृति के हैं और इन्हें सदैव उभरती चुनौतियों के अनुरूप बनाया गया है। यह स्वीकार करना महत्त्वपूर्ण है कि ये उभरती चुनौतियां वैश्वीकरण के समसामयिक युग में तीव्र गति से अधिक जटिल होती जा रही हैं। इससे पहले कभी भी श्रम की दुनिया में हुए परिवर्तन इतने तीव्र और श्रम एवं रोजगार को प्रभावित करने वाले नहीं रहे। इन परिवर्तनों का अध्ययन करने तथा इनके प्रभाव, परिणामों और कार्य की दुनिया पर इनकी प्रासंगिकता का विश्लेषण करने के लिए समुचित अनुसंधान संबंधी रणनीतियों और कार्यसूची को तैयार किया जाना जरूरी है।

निस्संदेह, यह एक बहुत कठिन कार्य है और इस कार्य को एक वैज्ञानिक ढंग से किया जाना है ताकि अनुसंधान में संगत मुद्दों को शामिल किया जा सके। संस्थान के प्रत्येक अनुसंधान केंद्र को अनुसंधान के प्रमुख मुद्दों को स्पष्ट ढंग से इंगित करना चाहिए और अन्वेषण किए जाने वाले महत्त्वपूर्ण घटकों के ब्यौरे भी तैयार करने चाहिए। इससे न केवल यह सुनिश्चित होगा कि संस्थान के अनुसंधान कार्यकलापों में वैश्वीकृत व्यवस्था में श्रम के समक्ष उभर रहे प्रमुख मुद्दों को शामिल किया गया है अपितु संबंधित क्षेत्रों में विशिष्टता भी हासिल हो सकेगी, जो किसी भी अनुसंधान केंद्र के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने का महत्त्वपूर्ण उप्रेरक तत्व होगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में संस्थान के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों द्वारा शामिल किए जाने वाले अनुसंधान मुद्दों की रूपरेखा तैयार की गई है।

Je cktkj v/;;u dsUn

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में अनुसंधान गतिविधियाँ विभिन्न केन्द्रों के तत्वावधान में चलाई जाती हैं। इन्हीं केन्द्रों में से एक, श्रम बाजार अध्ययन केन्द्र श्रम बाजार में चल रहे परिवर्तनों के विश्लेषणात्मक अध्ययन के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसंधान गतिविधियों का उद्देश्य श्रम बाजार के परिणामों के उन्नयन हेतु नीतिगत निदेश प्रदान करना है। केन्द्र की वर्तमान गतिविधियाँ निम्नलिखित मुख्य मुद्दों पर केन्द्रित हैं।

- रोजगार और बेराजगारी
- उत्प्रवास और विकास
- कौशल विकास
- अनौपचारिक अर्थव्यवस्था एवं उत्तम कार्य

ijh dj yh xbl ifj;kstuk,a

1- ,f'k;k esa Jfed çoklu lajpuk,a ,oa foÙkiks"k.k

v/;;u ds mn~ns';

पूरे विश्व में श्रम प्रवाह में बढ़ती विविधता को देखते हुए श्रमिकों की गतिशीलता के प्रबंधन में फिर से दिलचस्पी पैदा हो रही है ताकि प्रवासन की विकास क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। इस विषय पर मौजूदा अधिकतर अध्ययनों में प्रवासन की प्रक्रियाओं, प्रवासन नीति/विनियमन तथा इनके प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कुछ अध्ययनों में यह पूछा गया है कि श्रम प्रवाह को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने हेतु श्रम प्रवासन के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचों–संस्थानों, उनके शासन एवं उनके संचालन की वित्तीय दक्षता में कैसे सुधार किया जा सकता है अथवा कैसे इन्हें संशोधित किया जा सकता है। इसी संदर्भ में मौजूदा अध्ययन में निम्नलिखित तीन प्रमुख मुद्दों से संबंधित ज्ञान का आधार बढ़ाने का प्रयास किया गया है: (i) श्रम प्रवासन के प्रबंधन के लिए संगठनात्मक ढांचे; (ii) सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रवासन सेवाएं; और (iii) प्रवासी कामगरों के संरक्षण हेतु वित्तपोषण। इस अध्ययन हेतु चुने गये देशों–भारत, फिलीपीन्स एवं श्रीलंका ने बड़ी संख्या में कामगारों को सफलतापूर्वक विदेश भेजा है, तथा इन देशों में अंतर्राष्ट्रीय श्रम प्रवाह के संबंध में अनेक समानताएं एवं विशिष्टताएं पायी जाती हैं। ऐसे तुलनात्मक अध्ययन से श्रम प्रवासन के प्रशासन तथा श्रमिक प्रदाता देश के परिप्रेक्ष्य में इसके वित्तपोषण के संबंध में जानकारी बढ़ने के आशा है। इस अध्ययन में यह भी परिकल्पना की गयी है कि यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा अपने तकनीकी सहयोग के लिए तैयार की गयी नीति संबंधी सलाह के लिए जानकारी प्रदान करने के साथ इस क्षेत्र, जिसमें अपेक्षाकृत कम शोध होता है, में सीखे गए सबकों तथा अच्छे व्यवहारों पर प्रकाश डालेगा।

v/;;u dk 'k# ,oa ijk djus dh frfFk

अध्ययन को जून 2013 में शुरु, एवं जुलाई 2014 में पूरा किया गया था

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke

यह अध्ययन प्रवासन शासन प्रणाली को मजबूत करने के लिए विशिष्ट नीतिगत सिफारिशें करता है। कुछ प्रमुख सुझावों में निम्न शामिल हैं:

- एक अच्छी तरह से तैयार की गयी अंतर्राष्ट्रीय श्रम प्रवासन नीति को विकसित करने की आवश्यकता है। यह भी आवश्यक है कि श्रम प्रवासन के प्रबंधन के लिए एक व्यापक अथवा प्रमुख संस्थान हो। सभी देशों के लिए यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि वे विभिन्न अभिसमयों तथा सिफारिशों का अनुसमर्थन करें, और प्रवासी कामगारों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करें।
- कामगारों के मूल देशों के साथ–साथ गंतव्य देशों में प्रवासन के प्रबंधन के लिए मानव संसाधनों को गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों ही तरह से मजबूत करना आवश्यक है। विदेशों में राजनयिक मिशनों को पर्याप्त संख्या में अधिकारी उपलब्ध कराने तथा प्रक्रिया के लिए एक मैन्युअल विकसित करने (जैसा कि श्रीलंका एवं फिलीपींस ने किया है) की आवश्यकता है। प्रवास प्रबंधन से संबंधित मंत्रालयों/विभागों, विशेषकर श्रम, कौशल विकास, स्वास्थ्य के साथ–साथ विदेश एवं गृह कार्य विभाग के बीच नीतिगत संबद्धता को मजबूत करने हेतु प्रयास किए जाने चाहिए।
- ऐसी पारदर्शी नीतियों, प्रक्रियाओं तथा व्यवहारों, जो संस्थानों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनायेंगे, को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। प्रवासन कार्य देख रहे विभिन्न पणधारियों के साथ सामाजिक संवाद के लिए एक साझा मंच, जैसे कि ट्रेड यूनियनों, सीएसओ तथा भर्ती एजेंसियों के बीच अनौपचारिक बैठकें करना महत्वपूर्ण है।
- यह मानना कि प्रस्थान–पूर्व का चरण खासतौर पर महत्वपूर्ण है तथा इसमें सरकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, काफी महत्वपूर्ण है।
- फिर भी हस्तक्षेप का एक अन्य क्षेत्र भर्ती का विनियमन, भर्ती एजेंसियों के संचालन को मॉनीटर करने सहित, है। श्रीलंका में भर्ती एजेंसियों को ग्रेड प्रदान करने की पहल, जिससे आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि वे इन एजेंसियों से कैसी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं, सराहनीय हैं।
- कार्यदशाओं के संबंध में बढ़ती हुई शिकायतों को देखते हुए गंतव्य स्थानों पर कल्याणकारी सेवाओं को सुदृढ़ करना अनिवार्य है।
- प्रवासी कामगारों के लिए बीमा संबंधी कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उपरोक्त तीनों देशों में बीमा संबंधी कार्यक्रमों के संचालन में कुछ अच्छे व्यवहार शुरु

किए गए हैं। इनमें घरेलू कामगारों जैसे कमजोर वर्गों के मामलों में नियोक्ता द्वारा बीमा की किश्त का भुगतान करना, उन सभी कामगारों, जिन्हें निकासी की आवश्यकता होती है, के लिए अनिवार्य बीमा कवर प्रदान करना, आदि शामिल हैं। इन देशों को ऐसी और पहलें शुरु करनी चाहिए।

- उपरोक्त तीनों देशों ने प्रवासी कामगारों के लिए कौशल विकास एवं प्रमाणन कार्यक्रम को परिकल्पित अथवा शुरु किया है। प्रवासन के परिणामों में सुधार करने के उद्देश्य से ऐसे उपायों को निरंतर किया जाना चाहिए।
- पुनः एकीकरण कार्यक्रमों को प्रवासी कामगारों की आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित किए जाने की आवश्यकता है। यद्यपि पुनः एकीकरण के संबंध में विभिन्न मॉडल हैं, ऐसे मॉडल (उदाहरण के लिए ऐसे प्रोजेक्ट स्थापित करके जैसे कि फिलीपींस में ग्रोसेरिया प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है) जो सीमित विनिवेश क्षमताओं के साथ विदेशी कामगारों एवं उनके परिवारों के लिए स्व–रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं, विचार करने हेतु सार्थक विकल्प हैं।
- प्रवासी सेवाओं की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जाने चाहिए। इस संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि प्रवासी सेवाओं से संबंधित खर्चों का प्रबंधन इन सेवाओं के लिए चिह्नित सरकारी निधि के अलावा अन्य स्रोतों से किया जाना चाहिए। भर्ती शुल्क के द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के एसएलबीएफई का दृष्टिकोण एक अनुकरणीय व्यवहार है।
- बजट के आवंटन में प्राथमिताएं तय करने की आवश्यकता है। भारत के संबंध में यह देखा गया है कि संभाव्य प्रवासी कामगारों के प्रवासन के परिणामों, जैसे कि प्रस्थान–पूर्व अभिमुखीकरण तथा कौशल उन्नयन कार्यक्रमों में सुधार के लिए किये जाने वाले हस्तक्षेपों को बहुत अल्प संसाधन आवंटित किया जाना जारी है।
- सरकारी अनुदानों के अलावा अन्य स्रोतों से राजस्व प्राप्ति पर बल दिया जाना चाहिए। इन स्रोतों में भर्ती शुल्क, कल्याणकारी निधियों में प्रवासी कामगारों का अंशदान, आदि शामिल हैं। कल्याणकारी निधियों के एक भाग के रूप में सृजित संसाधनों का, आय के सतत प्रवाह को सुनिश्चित करने और इस प्रकार विभिन्न प्रवासी सेवाओं को बनाये रखने के लिए, विनिवेश बेहतर ढंग से किया जाना चाहिए।

**(ifj;kstuk funs'kd: Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk vkj
Mk- jk[kh fFkekFkh] ,lkfl,V Qyk)**

2- Hkkjr l [kkMh {k= dk% Je ckt kj] dk'ky vkj çokl pØ d chp lc/kk dh [kkt

v/;;u dk mnns';

यह रिपोर्ट श्रम बाजार की विशेषताओं, कौशल विकास तथा भारत से गल्फ को–ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के देशों, जो भारतीय प्रवासी श्रमिकों का एक प्रमुख गंतव्य स्थान है, में श्रमिकों के प्रवासन

के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय श्रम प्रवाह के बीच अंतर–संबद्धता को दर्शाती है। प्रवासन शासन प्रणाली में बढ़ती जटिलताओं, जब श्रमिकों को लेने वाले अनेक देशों में आप्रवास नीतियां प्रतिबंधात्मक और यहां तक कि कौशल–चयनात्मक हो रही हैं, के आलोक में इन सहलग्नताओं का विश्लेषण करना अत्यावश्यक है। इस रिपोर्ट में यह तर्क दिया गया है कि ऐसे आकलनों पर आधारित नीतियां श्रम बाजार तथा प्रवासन के परिणामों, खासकर अल्प एव मध्यम कौशल श्रेणियों से संबंधित प्रवासियों के, में सुधार करने हेतु अपना योगदान दे सकती हैं।

v/;;u dk 'k# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2014 में शुरु, एवं जनवरी 2015 में पूरा किया गया था

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke

अध्ययन से निकले प्रमुख निष्कर्ष एवं नीतिगत अनिवार्यताएं निम्न प्रकार हैं:

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन पर श्रम बाजार सूचना प्रणाली को विकसित एवं मजबूत करना

यह देखते हुए कि भारत–जीसीसी प्रवासन कॉरिडोर, प्रवासन के कॉरिडोरों में सबसे ज्यादा सघन है, सभी जीसीसी देशों में उभरते श्रम एवं कौशल जरूरतों का पूर्वानुमान लगाने तथा उनका सतत मॉनीटर करने के तिए एक मजबूत तंत्र विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। ऐसे पूर्वानुमानों को वर्तमान एवं भविष्य की श्रमिक आवश्यकताओं के लिए सभी सैक्टरों एवं कौशल योग्यताओं में उपलब्ध किया जाना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि श्रमिकों एवं कौशल मांगों का अनुमान लगाते समय जनसाांख्यिकीय बदलाव, तकनीकी प्रगति तथा आप्रवास नीति में परिवर्तन पर ध्यान दिया जाना चाहिए तथा इन्हें एकीकृत करना चाहिए। यह भी आवश्यक है कि प्रवासी कामगारों की सभी श्रेणियों को शामिल करते हुए भारत श्रमिकों के बहिर्गमन का एक व्यापक डाटाबेस विक. सित करे। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों के वापस आने पर डाटा को संग्रहित करने की भी तत्काल आवश्यकता है, ऐसा डाटा भारत में लगभग नदारद है। सूचना महत्वपूर्ण परिवर्तनशील कारकों यथा विदेश में नियोजन के दौरान प्राप्त कौशल, उपलब्ध वित्तीय संसाधन, उद्यमिता कौशल आदि, जो एक व्यवस्थित पुनःएकीकरण नीति विकसि करने के लिए आधार तैयार करते हैं, पर एकत्रित की जानी चाहिए। श्रमिक प्रदाता कई देश जैसे कि श्रीलंका, बांग्लादेश, फिलीपींस आदि अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन पर राष्ट्रीय स्तर पर आवधिक सर्वेक्षण कराते हैं। यह देखते हुए कि भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन एक काफी महत्वपूर्ण घटक है, राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण कराने के लिए एक भी प्रयास न किया जाना एक पहेली बना हुआ है। वैज्ञानिक तरीके से तैयार कार्यप्रणाली के आधार पर राष्ट्रीय स्तर के ऐसे सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए प्रवासी भारतीय मामले मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख संस्थानों और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के साथ मिलकर काम कर सकता है ताकि एक स्थायी अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन नीति विकसित की जा सके।

कौशल विकास प्रणालियों तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन के बीच सहलग्नता को मजबूत करना

उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि भारत में कौशल विकास प्रणालियों तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन के बीच काफी कम सहलग्नताएं हैं। ऐसे सहलग्नताओं, जिससे श्रम बाजार के साथ–साथ संभावित प्रवासियों के प्रवासन परिणामों में तुरंत सुधार होगा, की स्थापना विभिन्न स्तरों पर संभव है। गंतव्य देशों में कौशलों की बढ़ती मांगों के आधार पर कौशल विकास संस्थान अल्पावधि के सर्टिफिकेट कोर्स शुरु कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, खासकर उन ट्रेडों/सैक्टरों (जैसे कि निर्माण) जिनकी जीसीसी देशों मे काफी मांग है, के संबंध में गंतव्य देशों में कौशल आवश्यकताओं की बढ़ती मांगों के अनुसार चालू सर्टिफिकेट कोर्सों को संशोधित किया जा सकता है।

भारत में प्रमाणन प्रणाली को गंतव्य देशों में मौजूदा/अपेक्षित मानकों के अनुरूप विकसित किया जाना चाहिए। इसके लिए भारत में कौशल विकास संस्थानों (जैसे कि आईटीआई/कौशल प्रशिक्षण केंद्रों) को अपने मानकों को अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रमाणकर्ताओं द्वारा विकसित मानकों के बराबर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे न केवल इन संस्थानों से पास आउट होने वाले प्रशिक्षुओं के कौशल स्तरों में वृद्धि करेगा अपितु इससे कुशल कामगारों के एक प्रमुख प्रदाता के रूप में भारत को विकसित करने में भी मदद मिलेगी तथा भारत जीसीसी श्रम बाजारों में उभरती मांगों को पूरा करने में अच्छी तरह से सक्षम होगा।

दूसरा प्रमुख मुद्दा, जिसका समाधान किया जाना है, कौशल अर्जन के साधनों से संबंधित है। हमारे विश्लेषण में स्पष्ट रूप से यह पाया गया है कि भारत में काफी संख्या में श्रम बल कौशलों को अनौपचारिक तरीकों से अर्जित करते हैं। अनौपचारिक तरीकों से अर्जित कौशलों को प्रमाणित करने हेतु प्रणाली का विस्तार किये जाने की तत्काल आवश्यकता है। इस संबंध में एक पूर्व शर्त पिछली शिक्षा की मान्यता हो सकती है।

प्रवासियों द्वारा नए अर्जित कौशलों को मान्यता देने हेतु तंत्र

आप्रवास नीतियों के अस्थायीकरण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि प्रवासी कामगारों द्वारा विदेश में काम करते हुए अर्जित कौशलों को मान्यता दी जाए। भारत सहित अधिकांश श्रमिक प्रदाता देशों में प्रवासियों द्वारा नए अर्जित कौशलों का प्रमाणन एक काफी हद तक उपेक्षित पहलू रहा है। कौशलों का प्रमाणीकरण तभी प्रभावी होगा, जब श्रमिकों को भेजने और लेने वाले देशों के मध्य सहयोग हो। उदाहरण के लिए, श्रमिकों को लेने वाले देश भी प्रवासी कामगारों के कौशलों के प्रमाणीकरण के लिए इच्छुक हो सकते हैं। इस तरह का एक मामला रिपब्लिक ऑफ साउथ कोरिया के मिनिस्ट्री ऑफ एंप्लॉयमेंट एंड लेबर द्वारा कार्यान्वित सुखद वापसी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत प्रवासी कामगारों को अपना व्यवसाय शुरु करने अथवा स्थानीय कोरियाई कंपनी में जॉब पाने के लिए मुफ्त प्रशिक्षण एवं कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, कार्यस्थल के समीप किसी प्रशिक्षण केंद्र में 40 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उनके अपने समुदाय में कोरियाई कंपनियों अथवा बहु–राष्ट्रीय

निगमों में रोजगार हेतु आवदेन की सुविधा प्रदान करने के लिए कार्य–अनुभव का प्रमाण दिया जाता है। प्रवासी श्रमिकों की वतन वापसी के बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर कोरियाई कंपनियों द्वारा रोजगार मेलों तथा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रोजगार सेवाओं के माध्यम से रोजगार के अवसरों के बारे में बताया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत प्रवासी श्रमिकों को पुनर्वास प्रक्रिया के दौरान होने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए परामर्शी सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं।

कौशल प्रमाणन हेतु श्रमिक भेजने और लेने वाले देशों के बीच सहयोग

श्रमिक भेजने और श्रमिक लेने वाले देशों के बीच सहयोग कौशल के बेहतर मिलान करने के साथ–साथ कौशल के परीक्षण एवं प्रमाणन पर स्थापित किये जाने चाहिए। इसे भारत और जीसीसी देशों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तौर पर औपचारिक रूप दिया जा सकता है। अभी मौजूद श्रम प्रवासन पर समझौता ज्ञापनों में से अधिकांश कार्यदशाओं के विनियमन, कामगारों की गतिशीलता अथवा सामाजिक सुरक्षा समझौतों को ही कवर करते हैं, कौशलों पर आधारित एमओयू द्वारा प्रवासन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

प्रवासी कामगारों के कमजोर वर्गों के लिए उपयुक्त अनुकूलित कौशल विकास कार्यक्रम विकसित करना

इस बात पर ध्यान देते हुए कि भारत से जीसीसी देशों को जाने वाले अधिकांश कामगार या तो कम कुशल होते हैं या फिर अप्रमाणित कौशल वाले होते हैं, उन्हें मांग के अनुसार कौशल प्रदान करने हेतु एक तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। यह खासकर कमजोर वर्ग के प्रावसी कामगारों यथा घरेलू कामगारों, जो बेहतर मजदूरी का दावा कर सकते हैं यदि उन्हें कुछ रोजगार–पूर्व प्रशिक्षण दिया जाए। ऐस अच्छे व्यवहार श्रीलंका और फिलीपींस जैसे कार्यक्षम प्रवास प्रबंधन प्रणाली वाले देशों में चल रहे हैं।

(ifj;kstuk funs'kd: Mk- ,l- d- 'kf'kdqekj] ofj"B Qsyks vkSj
Mk- jk[kh fFkekFkh] ,lksf,V Qsyks**)**

3- vrjk"Vh; Jfed çoklu% mHkjrh pqukfr;k ,o uhfrxr <kpk

अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्यों में शामिल हैं: भारतीय श्रमिकों के प्रमुख गंतव्य देशों में मौजूदा उत्प्रवासन नीतियों की महत्वपूर्ण विशेषताएं क्या हैं? प्रमुख प्रवासी श्रमिक प्राप्तकर्ता देशों की नीतियों के साथ भारत और दक्षिण एशिया के श्रमिक प्रदाता देश किस सीमा तक सामंजस्य बिठा पाये हैं? पदोन्नति, विनियमन एवं श्रमिकों की आवाजाही पर प्रतिबंध के मामलों में हम खाड़ी के देशों और यूरोपीय यूनियन के देशों की उत्प्रवासन नीतियों की तुलना किस प्रकार कर पाते हैं? प्रवासन नीतियों में बदलाव ने वर्तमान श्रमिक आवाजाही को किस प्रकार प्रभावित किया है?

v/;;u dk 'k# ,o i jk dju dh frfFk

अध्ययन को दिसम्बर 2013 में शुरु, एवं दिसम्बर 2014 में पूरा किया गया था

vu|l/kku v/;;u dk ifj.kke

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक गतिशीलता, वैश्वीकरण के मौजूदा चरण के केंद्रीय आयामों में से एक है। वर्ष 2010 में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या लगभग 214 मिलियन थी, इनमें से अधिकांश अपने मूल देश से दूसरे देश रोजगार के लिए गये थे। श्रमिक गतिशीलता न केवल मात्रा में बढ़ी है, इसमें इसकी दिशा और संघटन के संदर्भ में भी काफी विधिता आई है। आने वाले वर्षों में आबादी की आयु बढ़ने के साथ, कौशलों की मांग एवं आपूर्ति में असंतुलन, और प्रवासन उद्योग की बढ़ती भूमिका के कारण वैश्विक प्रवास परिदृश्य और जटिल बनने वाला है।

एक नीति के नजरिए से इस बात पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है कि प्रवासियों द्वारा सामना की जा रही असुरक्षितताओं की व्यापक रेंज के लिए विभिन्न स्तरों पर मौजूद घटक जिम्मेदार हैं, तथा इन्हें दो व्यापक श्रेणियों में परिकल्पित किया जा सकता है। पहला, अधिकांश देशों में नए उभरते गंतव्यों में प्रवासन को सुगम बनाने, अथवा प्रवासियों की विभिन्न श्रेणियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशासनिक एवं विधिक ढांचे मौलिक स्तर के हैं। दूसरा, उच्च एवं कम कौशल प्राप्त, दोनों श्रेणी के प्रवासी कड़ी नीतियों से शासित हैं, असल में प्रवासन को रोकने के लिए सीमाओं पर नियंत्रण के साथ–साथ आंतरिक नियंत्रण जैसे कि नजरबंदी, काम और कल्याण से बाहर करना अथवा बहिष्करण का सहारा लिया जा रहा है। उच्च आय वाले देशों में खुलेपन से प्रवासी कामगारों को ग्रहण करना एवं उन्हें अधिकार प्रवेश के पश्चात देना जैसी उत्प्रवास नीतियों की अदला–बदली होती है। प्रवासी सदैव प्रभावित होते हैं, प्रवास करने के उनके अधिकारों के साथ–साथ प्रवासियों के अधिकार बुरी तरह प्रभावित होते हैं। वर्तमान अध्ययन में यह तर्क दिया गया है कि प्रवासन के विकास प्रभावों को सुदृढ़ बनाने में प्रवासन नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

(ifj;k tuk fun'kd: Mk- jk[kh fFkekFkh] ,lkfl,V Qyk)

—f"k lac/k vkSj xzkeh.k Je dsUnz

कृषि संबंधों और ग्रामीण श्रम बाजार की बढ़ती जटिलताओं को देखते हुए यह महसूस किया गया कि कृषि की स्थिति का पता लगाने एवं इसका अधिक वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से विश्लेषण करने के लिए ज्यादा विशेषज्ञता की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण श्रमिकों के विकास के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनूकूल नीतियों एवं कार्यक्रमों को तैयार किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ढाई दशकों से अधिक का अनुभव भी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कृषि संबंध और ग्रामीण श्रम केन्द्र के सृजन का यह एक प्रमुख तर्काधार है।

केन्द्र के अनुसंधान कार्यकलाप निम्नलिखित मुद्दों पर केन्द्रित हैं:

- वैश्वीकरण और ग्रामीण श्रम पर उसका प्रभाव,
- ग्रामीण श्रम बाजारों की बदलती संरचना की मैक्रो प्रवृत्तियां एवं पद्धतियां,
- संगठनात्मक कार्यनीतियों का प्रलेखन, मूल्यांकन और प्रचार प्रसार,
- सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण श्रम।

iwjh dj yh xbZ ifj;kstuk,a

1- vuqlwfpr {ks= ds dkexkjksa ds fy, lkekftd lqj{kk mik;% egkjk"Vª ,oa if'pe caxky esa dqN pqfuank dk;ZØeksa@;kstukvksa dk v/;;u

mn~ns';

- इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य भारत में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और योजनाओं का, उनकी कवरेज, स्थिति एवं कार्यान्वयन तंत्र के संदर्भ में, अध्ययन करना है। अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य निम्न प्रकार हैं:
- भारत में वर्तमान में संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में व्यापक जानकारी का संग्रहण एवं संकलन।
- राज्य सरकारों द्वारा चलाये जा रहे कुछ चुनिंदा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और योजनाओं की कार्यान्वयन प्रक्रिया का अध्ययन करना।

- कुछ चुनिंदा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और योजनाओं का, उनकी प्रशासनिक प्रक्रिया, हितलाभ पैकेज तथा लाभार्थियों के जीवन पर उनके प्रभाव पर विशेष ध्यान देते हुए, मामला अध्ययन आयोजित करना।

vu|l/kku v/;;u dk ifj.kke

- सामाजिक सुरक्षा उपायों का एक सारांश तैयार किया गया है तथा प्रकाशन के अनुमोदन के लिए इसका मसौदा महानिदेशक के पास भेजा गया है।
- अध्ययन की अंतिम रिपोर्ट महानिदेशक को भेजी गई है।
- देश में मथाड़ी कामगारों का जीवन–स्तर एवं कार्यदशाओं में सुधार करने के लिए अनेक सिफारिशें की गई हैं।
- मथाड़ी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की सर्वोत्तम प्रथाओं का विस्तार से अध्ययन किया गया है तथा यह सुझाव दिया गया है कि इन्हें पूरे देश में अन्य राज्यों में दोहराया जाए।
- मथाड़ी कामगारों की कमजोर स्थिति एवं उनके अपने संगठन की अनुपलब्धता को देखते हुए रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि उनके लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।
- इस अध्ययन के तहत किए गए मामला अध्ययनों के आधार पर उन्हें ये सुविधाएं देने का सुझाव दिया गया है ताकि वे स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधाओं, रहने एवं संवर्धनात्मक सुविधाओं तक पहुंच बनाने में सक्षम हो सकें।

v/;;u dk 'k# ,o iijk dju dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2013 में शुरु, एवं मार्च 2015 में पूरा किया गया था

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- iue ,l- pkgku] ofj"B Qsyk½

tkjh ifj;kstuk,¡

1- ?kjsyw Msjh esa jkstxkj vkSj vk; dh laHkkouk,% ,d v/;;u

mn~ns';

इस अध्ययन के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- घरेलू डेयरी में रोजगार के पैटर्न एवं इसकी स्थिति की जाँच करना

- रोजगार सृजन एवं आय के संदर्भ में डेयरी संचालन की संभावना की जाँच करना
- क्रेडिट, उत्पाद आदि के लिए पहुंच एवं बाजार का अध्ययन करना
- अध्ययन हेतु चुने गए परिवारों के जीवन–स्तर पर पर घरेलू डेयरी संचालन के प्रभाव का अध्ययन करना
- घरेलू डेयरी के सुधार हेत नीतिगत एवं कार्यक्रम संबंधी उपायों के सुझाव देना।

vof/k

यह परियोजना मार्च 2015 में शुरु की गई है, तथा इसे 30 जनवरी 2016 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- iwue ,l- pkSgku] ofj"B QSyks½

jk"Vªh; cky Je lalk/ku dsUnz ¼,uvkjlhlh,y½

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में राष्ट्रीय बाल श्रम संसाधन केन्द्र (एनआरसीसीएल) की स्थापना यूनीसेफ, आईएलओ और श्रम मंत्रालय के सहयोग से एक विशिष्ट केन्द्र के रूप में की गई है। इसकी स्थापना का उद्देश्य एक ऐसी केंद्रीय एजेंसी उपलब्ध कराना था, जो बाल श्रम पर काबू पाने के समूचे कार्य में सरकार, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, गैर–सरकारी संगठनों, श्रमिक संगठनों और नियोक्ता संगठनों सहित विभिन्न विशेष साझेदारों और पणधारियों के बीच सक्रिय सहयोग सुनिश्चित कर सके। इसका उद्देश्य ज्ञानाधार का सृजन करना और अनुसंधान करना तथा उसे बढ़ावा देना भी है। केन्द्र सरकार बाल श्रम के उत्तरोत्तर उन्मूलन के अपने कार्य में नीति निर्धारकों और विधि निर्माताओं का समर्थन करती है और केन्द्र तथा राज्य सरकारों की नीतियों के उद्देश्यों की प्राप्ति में योगदान देती है। केन्द्र का मुख्य विषय तकनीकी सलाह, सेवा और परामर्श प्रदान करना तथा सूचना का प्रचार/प्रसार करना है ताकि बाल श्रम की समस्या को उजागार किया जा सके और लोगों की अभिवृत्ति में परिवर्तन कर उनमें जागरूकता लाई जा सके। केन्द्र बाल श्रम की रोकथाम और उन्मूलन के लिए कार्यरत व्यक्तियों, समूहों और संगठनों की क्षमताएं विकसित करने में लगातार प्रयास कर रहा है।

एनआरसीसीएल विभिन्न स्तरों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास, पक्षसमर्थन, तकनीकी सहयोग, प्रलेखन, प्रकाशन, प्रचार–प्रसार, नेटवर्किंग और विभिन्न स्तरों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयासों को सुदृढ़ बनाकर अभिसरण को बढ़ावा देने के जरिए अपना उद्देश्य प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है।

vuqla/kku

अनुसंधान, एनआरसीसीएल के कार्यकलापों में से एक महत्वपूर्ण कार्य है। अनुसंधान परियोजनाओं के केन्द्र में निम्नलिखित विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है:

1. चुने हुए खतरनाक व्यवसायों और प्रक्रियाओं में बच्चों के नियोजन पर बेंचमार्क सूचना का सृजन।
2. बाल श्रम के निष्चयात्मक पहलुओं का पता लगाने के लिए अनुसंधान अध्ययनों की समीक्षा और बालश्रम के सामाजिक–आर्थिक सांस्कृतिक आयामों एवं निर्धारकों का पता लगाने के लिए अध्ययन करना।
3. बाल श्रमिकों के पुनर्वास के लिए कार्यनीतियां बनाना।
4. सफल अनुभव का प्रलेखन करके बाल श्रमिकों को काम से मुक्त करवाने के अवसर लागतों को स्पष्ट करना।

इन सूक्ष्म–स्तरीय अध्ययनों में जिन पहलुओं का अध्ययन किया गया है, उनमें समस्या की मात्रा, कानूनों का प्रवर्तन, सरकारी तथा गैर–सरकारी हस्तक्षेपों का प्रभाव, शिक्षा की स्थिति, जीवन तथा कार्य दशायें, व्यावसायिक स्वास्थ्य जोखिम आदि शामिल हैं। एनआरसीसीएल ने कई अनुसंधान अध्ययनों और प्रमुख मूल्यांकन अध्ययनों को पूरा कर लिया है।

ijh dh xb ifj;kstuk,a

1- cky Je ij l/kkj.kh; Kku <kpk fodflr djuk rFkk vkipkfjd Kku mRiknksa] mi mRiknksa ,oa lokvksa dk çpkj&çlkj

mnns';

i) बाल श्रम के मुद्दे का समाधान करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की चुनौतियों एवं उपलब्धियों का प्रलेखीकरण;

ii) जनता के रवैये में बदलाव लाने और बाल श्रम को समाप्त करने के लिए लोगों में जागरूकता का सृजन करने के उद्देश्य से बाल श्रम से संबंधित कई मुद्दों पर सूचना का आबादी के विभिन्न वर्गों तक समय–समय पर प्रसार करना।

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke

i) बाल श्रम के मुद्दे के समाधान हेतु देश के अनेक राज्यों में सांस्थानिक क्षमताएं विकसित की गई;

ii) बाल श्रम पर सूचना को पुनः प्राप्त करने के लिए संग्रहण, वर्गीकरण एवं इसकी तुलना करना;

iii) विभिन्न सामाजिक भागीदारों द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन के लिए चलाए जा रही विभिन्न परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की गई;

iv) बाल श्रम के उन्मूलन के कार्य में लगी सरकारों, कानून निर्माताओं, नीति निर्माताओं, ट्रेड यूनियनों, गैर सरकारी संगठनों, सीबीओ तथा अन्य सामाजिक भागीदारों के मध्य भौगोलिक–विशिष्ट सूचना का प्रसार करना;

v) "चाइल्ड होप" नामक न्यूजलेटर का प्रकाशन किया गया;

vi) उनकी प्रतिकृति बनाने के लिए अच्छे व्यवहारों को साझा किया गया।

v/;;u dk 'k# ,oa ijk djus dh frfFk

अध्ययन को 02 मई 2013 को शुरु, एवं 30 जून 2014 को पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gyu vkj- lidj] ofj"B Qyk½

2- Hkkjr esa cky Je ls fuiVus ds fy, fo/kk;h <kpk% cky JEk vf/kfu;e ,oa nks"kflf) dh njksa dk ,d fo'ys"k.kRed v/;;u

श्रम कानून प्रवर्तन प्रणाली कितने प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है, इसका मूल्यांकन करने के तरीकों में श्रम कानूनों के तहत दोषसिद्धि की दरों का पता लगाना एक तरीका है। बाल श्रम अधिनियम के संदर्भ में विशेषकर यह महत्वपूर्ण है कि जो लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, उनका दोष सिद्ध किया जाए और उन्हें दंडित किया जाए। ऐसी श्रम कानून प्रवर्तन प्रणाली, जो दोषसिद्ध करने में असफल रहती है, की विश्वसनीयता कुछ नहीं होती है तथा यह खतरा बना रहता है कि लोग कानूनी प्रावधानों के उल्लंघनों की रिपोर्ट करना बंद कर देंगे। बाल श्रम के संदर्भ में ऐसी स्थिति बच्चों को नियोजित करने की प्रथा के स्थायीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

mn~ns';

i) किए गए निरीक्षणों, पता लगाए गए उल्लंघनों तथा शुरु किए गए मुकदमों की संख्या की तुलना, उन मामलों की संख्या जहां दोषसिद्ध हुआ, का विश्लेषण करके बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (बाल श्रम अधिनियम) के कार्यान्वयन की स्थिति का पता लगाना।

ii) इस बात की जांच करना कि दोषी व्यक्तियों को उनके कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए श्रम प्रवर्तन तंत्र ने कितने प्रभावी ढंग से काम किया।

iii) कानून की व्यापकता एवं कमजोरियों की जांच करना, साथ ही मौजूदा दोषिसिद्धि दरों के कारणों का पता लगाने के उद्देश्य से अधिनियम के तहत चुनिंदा अभियोजन के नतीजों की भी जांच करना।

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke

इस अध्ययन में भारत के विभिन्न राज्यों में बाल श्रम (प्रतिशेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के कार्यान्वयन के रुझानों का अवलोकन किया गया, तथा दोषसिद्धि को प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं एवं चुनौतियों का पता लगाया गया। इसके साथ ही बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के मद्देनजर बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रभावी प्रवर्तन हेतु सुझाव भी दिये गये।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को 01 जून 2014 को शुरु, एवं 05 मार्च 2015 को पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% MkW- gyu vkj- lqdj] ofj"B Qsyks½

3- rfeyukM| jkT; d| dk;cr|j ftys e| ,ulh,yih d| fu"iknu dk eY;kdu

बाल श्रम, बचपन के अभाव के विभिन्न रूपों में से एक है। बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (बाल श्रम अधिनियम) के अनुसार बुनाई एवं होजरी उद्योग में बाल श्रम पर कानूनन प्रतिबंध होने के बावजूद इन उद्योगों में बाल श्रमिक काम कर रहे हैं। इसी संदर्भ में तमिलनाडु के कोयंबतूर और तिरुपुर जिलों में एनसीएलपी ने बाल श्रम के उन्मूलन के लिए कार्यक्रम शुरु किए। इस अध्ययन में मुख्यतः एनसीएलपी स्कूलों का दौरा किया गया तथा जिला कलेक्टर/एनसीएलपी के अध्यक्ष, परियोजना निदेशक (एनसीएलपी), फील्ड अधिकारियों, विशेष स्कूलों के शिक्षकों, विशेष स्कूलों में भर्ती बच्चों के माता–पिता, स्थानीय समुदायों, एनसीएलपी का कार्यान्वयन देख रहे गैर–सरकारी संगठनों, श्रम प्रवर्तन अधिकारियों, कारखाना विभाग के अधिकारियों और शिक्षाविदों एवं शिक्षा विशेषज्ञों से गहन बातचीत के उपरांत सूचना का संग्रहण किया गया। विशेष स्कूलों में भर्ती किए गए बच्चों एवं उनके माता–पिता से भी गुणात्मक सूचना का संग्रहण किया गया। कोयंबतूर की एनसीएलपी परियोजना बाल श्रम की रोकथाम एवं बाल श्रमिकों का पुनर्वास करने के समग्र परिप्रेक्ष्य में चलाई जा रही है। परियोजना टीम द्वारा प्रवासी कामकाजी बच्चों को काम से मुक्ति दिलाने, तथा उन बच्चों, जो कामगार नहीं हैं परंतु औपचारिक शिक्षा भी नहीं ग्रहण कर रहे हैं क्योंकि इन्हें कार्यक्षम बाल श्रम के तौर पर देखा जाता है, को एसएसए के साथ समन्वय स्थापित करके भर्ती करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चे मुख्यतः अनौपारिक सैक्टर, गृह–आधारित व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में लचीले काम के घंटों के साथ, में काम करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में श्रम निरीक्षक काम और काम के घंटों को मॉनीटर एवं विनियमित करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

mn~ns';

इस अध्ययन का उद्देश्य एनसीएलपी सोसायटी की स्थिति एवं जिले में एनसीएलपी स्कूलों के कार्यकरण का आकलन करने के साथ ही एसएसए द्वारा मध्याह्न भोजन (मिड–डे मील) एवं शैक्षिक सामग्री मुहैया करने के पूरक प्रयासों के विस्तार एवं पैटर्न की जांच करना और एनसीएलपी के लिए सुझाव देना था।

vuqla/kku v/;;u dk ifj.kke

इस अध्ययन में यह सुनिश्चित करने में कि बच्चे काम पर नहीं लगाए गए हैं, प्रवर्तन तंत्र को निरीक्षण में आ रही कठिनाइयों, तथा काम से मुक्त किए गए बच्चों के पुनर्वास में, उन्हें औपचारिक शिक्षा में मुख्यधारा में लाने और निरंतर प्रयासों से समाज में उनके एकीकरण में एनसीसलपी परियोजना की सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाया गया।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को 18 सितम्बर 2014 को शुरु, एवं 18 दिसम्बर 2014 को पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

tkjh ifj;kstuk,a

1- cPpksa dks jkstxkj dh xfr'khyrk ,oa lkekftd&vkfFkZd okLrfodrk% e?kky; ds bLV ,oa oLV tSfr;k fgYl ftyksa esa [krjukd 0;olk;ksa esa yxs cPpksa dk v/;;u

वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए इमारती लकड़ी की बिक्री, जो कई किसानों की आय का एक प्रमुख स्रोत था, पर 1981 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बाद कोयला खनन एक बढ़ता हुआ उद्योग रहा है। इस क्षेत्र में लगभग 640 मिलियन टन कोयले के साथ तृतीयक कोयले का भंडार देश में कुल कोयले के भंडार का लगभग 1.1 प्रतिशत बैठता है। मेघालय राज्य में खनन उद्योग सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में 8 – 10 प्रतिशत का अंशदान करता है। यह बताया गया कि मेघालय राज्य के जैंतिया हिल्स जिले, जो अंशतः बांग्लादेश की सीमा से लगा हुआ है, में लगभग 40 मिलियन टन कोयला निकल सकता है। जैंतिया हिल्स की कोयले की खानों में खुदाई के पुराने तरीके, जिन्हें स्थानीय स्तर पर "रैटहोल माइन" कहा जाता है तथा जो 1 मीटर व्यास एवं 50 से 100 मीटर तक खुदे गहरे संकरे शाफ्ट होते हैं, अपनाये जाते हैं। कोयले को लकड़ी के छोटे पीपों में उठाया जाता है और फिर सिर पर रखकर सड़क किनारे खड़े ट्रकों मे लादा जाता है। अकेले जैंतिया हिल्स में खुदाई के इस तरीके से प्रतिवर्ष लगभग 2 मिलियन टन कोयला निकाला जाता है।

mís';

- कोयले की खानों में कामगारों के सामाजिक–आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय प्रोफाइल का अध्ययन करना;
- कोयला खदान कामगारों के रोजगार, कार्यदशाओं एवं रहने की स्थिति के पैटर्न का अध्ययन करना;
- कोयले की खानों एवं अन्य संबद्ध कार्यकलापों में बाल कामगारों के प्रसार, प्रकारों एवं विस्तार की जाँच करना;
- मौजूदा संलेख एवं कार्रवाई, कानूनी ढांचे एवं श्रम प्रवर्तन में उचित संशोधनों हेतु सुझाव देना।

vof/k

09 अक्टूबर 2013 से 30 सितम्बर 2015 तक

¼ifj;kstuk funs'kd% MkW- gsyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

2- nf{k.k ,f’k;k esa cky JEk dh fn’kk esa lkdZ {k=h; cky Je lalk/ku dsUnz dh LFkkiuk

यह अनुमान है कि सार्क क्षेत्र में बच्चों एवं काम कर रहे बच्चों की संख्या सबसे अधिक है। बच्चों द्वारा काम करना एक गंभीर बोझ, शोषक एवं अपमानजनक है तथा जब बच्चे तनाव में काम करते हैं तो यह उनके स्वास्थ्य के लिए एक खतरा बन जाता है, उनके स्वस्थ विकास में बाधा बनता है, इससे उनकी सामाजिक एवं शैक्षिक आवश्यकताओं की उपेक्षा होती है, उनके भविष्य की संभावनाओं को कमजोर करता है। यह केंद्र सूचना प्राप्त करने, संकलित करने एवं इसे आम आदमी के साथ–साथ विशिष्ट लक्ष्य समूहों जैसे कि बाल श्रम का मुकाबला करने में लगी एजेंसियों, सिविल सोसायटी, उन युवा विद्वानों एवं छात्रों जो इस मुद्दे पर काम करने के इच्छुक हैं, तक प्रसारित करने के लिए एक मुख्य स्थल का कार्य करेगा।

mn~ns’;

इस अनुसंधान परियोजना के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं:

- सार्क क्षेत्र के देशों के विशिष्ट बाल श्रम पर दस्तावेजों का संग्रहण एवं डिजिटलीकरण तथा इसे मौजूदा वेब संसाधनों में जोड़ते हुए वीवीजीएनएलआई की वेबसाइट में अपलोड करना;
- विभिन्न सामाजिक पणधारियों को तकनीकी सहायता प्रदान करना और सार्क क्षेत्र में बाल श्रम की रोकथाम और उन्मूलन के लिए समर्थकारी माहौल को मजबूत करना;
- नीति–निर्माण, क्षमता निर्माण, समन्वय, जानकारी में वृद्धि करने के लिए सीधी सेवाएं प्रदान करना;
- अच्छी प्रथाओं का दस्तावेजीकरण और सार्क देशों में इनके प्रतिरूप बनाने हेतु इनका प्रसार;
- बाल श्रम के उन्मूलन के लिए सार्क क्षेत्रीय स्तर पर प्रशिक्षण संस्थानों के बीच नेटवर्क का सृजन एवं सुदृढ़ीकरण।

vof/k

05 मई 2014 से 30 जून 2015 तक

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

3- Hkkjr dh pfunk jkT;ksa esa cky Je ¼çfr"ks/k ,oa fofu;eu½ vf/kfu;e] 1986 dk çorZu

कानून वह केंद्रबिंदु है जिसके चारों ओर समाज के मानदंड समूहबद्ध होते हैं। एक जटिल सामाजिक व्यवस्था में कानून का हस्तक्षेप वास्तव में अनिवार्य है तथा सामाजिक मानदंडों, लोगों के व्यवहारों और उनकी अभिव्यक्तियों को आंकने के लिए इसे हमेशा से एक साधन के तौर पर देखा जाता है। बाल श्रम कानून का उद्देश्य बाल श्रम, जो कि एक सामाजिक बुराई है तथा यह शोषक व्यवहारों, नजरियों, विश्वासों एवं मानसिकताओं से उत्पन्न होती है, का न्यूनीकरण करना है। इसके अतिरिक्त, इस बात का अध्ययन करने की आवश्यकता है कि एक कानून, जो किसी एक समस्या के समाधान के उद्देश्य से तैयार किया गया है, का व्यावहारिक तौर पर कैसे एकदम भिन्न उद्देश्य के लिए प्रयोग किया जा सकता है? इस बात का पता लगाने की भी काफी आवश्यकता है कि बाल श्रम कानून का प्रयोग कैसे किया जाता है अथवा कैसे इसे दरकिनार किया जाता है, क्या कानून अपने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करता है, अथवा क्या यह समस्या को तनिक भी न छूते हुए समायोजित किया जाता है।

mn~ns';

इस अध्ययन का उद्देश्य मौजूदा कानून के उन विषयों, जिन्हें बाल श्रम के क्षेत्र में अंतिम लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विस्तारित करने की आवश्यकता है, पर चर्चा करना और ऐसे विषय, जिनकी जांच किए जाने की आवश्यकता है एवं कामकाजी बच्चों की दुर्दशा का समाधान करने के लिए कमियों, यदि कोई हों, को उजागर करना है।

vof/k

05 मई 2014 से 30 जून 2015 तक

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- ldsj] ofj"B QSyks½

jk t xkj lc/k vkj fofu;eu dUnz

रोजगार संबंध और इनके विनियमन का मुद्दा श्रम के क्षेत्र में हमेशा से एक प्रमुख वाद–विवाद करने योग्य एवं आकर्षक मुद्दा रहा है। रोजगार संबंधों में खासकर 1991 से तीव्र परिवर्तन हो रहे हैं। तदनुसार, संस्थान ने इस मुद्दे को यथोचित प्राथमिकता देते हुए इन परिवर्तनों और अन्य संबद्ध मामलों का अध्ययन करने हेतु काफी पहले, वर्ष 2001 में एक विशिष्ट केंद्र, नामतः रोजगार संबंध एवं विनियमन केंद्र स्थापित किया। इस केंद्र का उद्देश्य बदलते रोजगार संबंधों का अवबोधन विकसित करना है ताकि उचित कानूनी विनियमन ढांचे का नियमन करने तथा उपयुक्त सामाजिक संरक्षण उपाय विकसित करने में मदद मिल सके। केंद्र की अनुसंधान गतिविधियों में मुख्यतः निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित किया जाता हैः ट्रेड यूनियनें तथा उभरते सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य में उनकी भूमिका; अनौपचारिक तथा असंगठित क्षेत्र में उभरते रोजगार संबंध; अनौपचारिक तथा असंगठित क्षेत्र में रोजगार संबंधों के विनियमन में मौजूदा कानूनी ढांचे की सीमा; न्यायिक प्रवृत्ति में परिवर्तन; न्यूनतम मजदूरी विनियमन तथा श्रमिकों को सामाजिक संरक्षण आदि। केंद्र के अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) में शिक्षाविद और ट्रेड यूनियनों के साथ–साथ नियोक्ता संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि होते हैं। केंद्र द्वारा हाल ही में पूरे किए गए कुछ अध्ययन इस प्रकार हैंः प्राईवेट सुरक्षा अभिकरणों द्वारा नियोजित सुरक्षा गार्डों के श्रम, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा मुद्देः ओखला एवं नौएडा का एक मामला अध्ययन; न्यूनतम मजदूरी नीति एवं विनियामक ढांचे का विकासः एक अंतर–देशीय परिप्रेक्ष्य; तथा आईएलओ अभिसमय 181ः भारत में प्राईवेट नियोजन अभिकरणों के संदर्भ में मुद्दे एवं चुनौतियां।

ijh dj yh xbl ifj;ktuk,

1- Hkkjr e çkbloV bthfu;fjx dky tk e ldk; lnL;k dh jktxkj] dk;l ,o lok n'kk,

mnn';

- भारत में प्राईवेट इंजीनियरिंग संस्थानों के ऐतिहासिक उद्विकास तथा इनके विकास में नवीनतम प्रवृत्तियों का पता लगाना।
- प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में संकाय सदस्यों की रोजगार, कार्य एवं सेवा दशाओं से संबंधित मुद्दों के लिए राष्ट्रीय स्तर के विनियामक ढांचे का विहंगावलोकन प्रदान करना।
- वेतन तथा भत्तों, विभिन्न प्रकार की छुट्टियों के प्रावधान, कॅरिअर उन्नयन के अवसरों एवं पदोन्नति के अवसरों आदि के संदर्भ में प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों के संकाय सदस्यों की कार्य एवं सेवा दशाओं का विश्लेषण करना।
- प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में संकाय सदस्यों को प्रदत्त भविष्य निधि, स्वास्थ्य बीमा एवं उपदान सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा हितलाभों का मूल्यांकन करना।

- प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में संकाय सदस्यों की कार्य एवं सेवा दशाओं में सुधार के लिए उचित एवं व्यवहार्य उपायों की सिफारिश करना।

vof/k

परियोजना को जुलाई 2013 में शुरु, तथा जुलाई 2014 में पूरा किया गया।

vuqla/kku ifj;kstuk dk ifj.kke%

परियोजना की अंतिम रिपोर्ट को एनएलआई अनुसंधान अध्ययन श्रृंखला (सं.112/2014) के तौर पर प्रकाशित किया गया है। इसके अलावा, अनुसंधान अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों को इनके व्यापक प्रसार के लिए संस्थान के दो आंतरिक आवधिक प्रकाशनों में दो अनुसंधान आलेखों के तौर (एक हिंदी में तथा एक अंग्रेजी में) प्रकाशित किया गया है।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- lat; mik/;k;] Qsyk½

2- vkbZ,yvks vfHkle; 181% Hkkjr esa çkbZosV fu;kstu vfHkdj.kksa ds lanHkZ esa eqnns ,oa pqukSfr;k

vuqla/kku ifj;kstuk ds mn~ns';

यह परियोजना अध्ययन करने का कार्य वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सकरार द्वारा सौंपा गया था। इस अध्ययन के प्रमुख उद्देश्यों में ये शामिल थे:

- वर्तमान परिस्थितियों में प्राईवेट नियोजन अभिकरणों द्वारा निभाई जा रही भूमिका को समझना।
- उनका प्रभावी कार्यचालन सुकर बनाने की दृष्टि से प्राईवेट नियोजन अभिकरणों के विकास के संबंध में विभिन्न नीतिगत सरोकारों का पता लगाना
- प्राईवेट नियोजन अभिकरणों के विनियमन के लिए किसी कानून अथवा राष्ट्रीय नीति की संभावना का पता लगाने की दृष्टि से इनके विनियमन से संबंधित कानूनों/दिशा–निर्देशों प्रारंभिक समीक्षा शुरु करना।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

